मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 283, मुंबई, बुधवार, 3 जनवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.



## मुंबई के गोवंडी इलाके में भीषण आग

### कई दुकानें जलकर खाक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के गोवंडी इलाके में मंगलवार को भीषण आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक, आग दोपहर बाद उपनगर के जाकिर हुसैन नगर इलाके की एक झुग्गी बस्ती में लगी। देखते ही देखते आग फैल गई और कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल फायर ब्रिगेड की कम से कम चार गाड़ियों और अन्य उपकरणों को भेजा गया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## हिट एंड रन कानून अभी नहीं होगा लागू

### ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के साथ बैठक के बाद सरकार ने उठाया कदम, हड़ताल वापस लेने की अपील

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हिट-एंड-रन मामले पर नए कानून को लेकर देशव्यापी ट्रक हड़ताल के मद्देनजर ट्रांसपोर्ट संगठनों और सरकार के बीच बैठक में मामला सुलझ गया है। केंद्र सरकार ने फिलहाल हिट-एंड-रन कानून लागू नहीं करने की घोषणा की है। वहीं, ट्रांसपोर्ट संगठनों ने ट्रक मालिकों से हड़ताल वापस लेने की अपील की है। ड्राइवरों द्वारा देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने बुधवार की शाम को ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों से मुलाकात की।
**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### महाराष्ट्रः ट्रक-टैंकरों के पहिये थमे! पेट्रोल-डीजल की हुई कमी, मुंबई में दूध सप्लाई रुकी




## सनसनीखेज वारदात

### आइसक्रीम नहीं दिलाया तो 7-9 साल की बेटियों के सामने व्यक्ति को घोंपा चाकू



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में एक चौंकाने वाली घटना घटी है। अपनी दो बेटियों के साथ सैर पर निकले 29 वर्षीय शख्स को अज्ञात व्यक्ति ने बेरहमी से चाकू मार दिया। शहर की डीएन नगर पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार का लिया। पीड़ित का नाम वसीम अकरम खान (29) है, वह अंधेरी-पश्चिम में रहता है। यह घटना 30 दिसंबर को डॉ. आरिफ अस्पताल के पास हुई। बताया जा रहा है कि वसीम अकरम खान अपनी सात और नौ साल की बेटियों को आइसक्रीम की दुकान पर ले गए थे। इस बीच वहां आरोपी पहुंच गया और उसने आइसक्रीम खरीदकर देने के लिए कहा। कथित तौर पर जब खान ने उसके लिए भी आइसक्रीम खरीदने से इनकार कर दिया था तो उसने चाकू घोंप दी।
**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## दाऊद इब्राहिम की मां की संपत्ति होगी नीलाम

### रत्नागिरी की जमीन के लिए शुक्रवार को लगेगी बोली



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** आतंकी दाऊद इब्राहिम की मां की महाराष्ट्र में मौजूद चार संपत्तियां शुक्रवार को नीलाम की जाएंगी। ये चारों संपत्तियां कृषि भूमि है, जो रत्नागिरी जिले के खेड तालुका के मुंबके में स्थित हैं। यह जमीन दाऊद की मां अमीना बी के नाम पर हैं। इनकी नीलामी शुक्रवार को की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक, रत्नागिरी के मुंबके में स्थित डॉन दाऊद इब्राहिम की मां की 20 गुंठा से अधिक खेती की जमीन की नीलामी की जाएगी। अधिकारियों ने पिछले नौ वर्षों में कुख्यात गैंगस्टर दाऊद और उसके रिश्तेदारों की लगभग 11 संपत्तियों की नीलामी की है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### कई बार उड़ी मौत की अगवाह

कुछ दिन पहले ऐसी खबरें आई थीं कि दाऊद को जहर दिया गया है। कभी दाऊद के घर को लेकर तो कभी दाऊद की सेहत को लेकर कई बार अफवाहें सामने आ चुकी हैं। साल 2020 में खबर आई थी कि दाऊद की कोरोना के कारण कराची के आर्मी हॉस्पिटल में मौत हो गई। फिर 2017 में ऐसी अफवाह उड़ी थी कि दाऊद की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है।

## हमारी बात

### नए साल के युद्ध संकल्प !

अपने नए साल के भाषण में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने कसम खाई है कि 2024 में वे रूसी सेना पर कहर बरपाएंगे। वे यह बात पूरे भरोसे से इसलिए कह पाए क्योंकि यूक्रेन आज पहले की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। यह युद्ध अपने तीसरे कैलेंडर वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उधर नए साल के ठीक एक दिन पहले और बाद में भी गाजा पर इजराइली हमले जारी रहे। हवाई हमलों में कई प्रोफेसर मारे गए और गाजा के केन्द्रीय हिस्से को धूल में मिला दिया गया। बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प लिया है कि यह युद्ध तब तक चलता रहेगा जब तक उसे जारी रखना जरूरी होगा। दोनों युद्ध युद्धक्षेत्र में भी लड़े जा रहे हैं और डिजीटल दुनिया में भी। दोनों का पूरे विश्व पर प्रभाव पड़ रहा है और सारी दुनिया के लिए दोनों के निहितार्थ हैं। सभी देशों के किसान तब स्तब्ध रह गए थे जब युद्ध की शुरूआत के बाद उन्हें यूक्रेन और रूस से अचानक उर्वरक मिलना बंद हो गए थे। अब लाल सागर में हो रहे हमलों के चलते एक बार फिर सप्लाई बाधित हो रही है। सोशल मीडिया पर सारी दुनिया के युवाओं से कहा जा रहा है कि वे अपनी राय दें, विरोध प्रकट करें और ग्लोबल चेन्स का बहिष्कार करें। इजराइल-हमास युद्ध घिनौना, घातक और दर्दनाक है। नए साल की पूर्व संध्या पर कई लोगों ने केवल ऐसी तस्वीरें और वीडियो साझा किए जिनमें युद्ध के वे दृश्य दिखाए गए हैं जिनमें बच्चे मारे गए। मुझे एक संदेश मिला कि हैप्पी शब्द टाइप करने या हैप्पी महसूस करने से पहले मुझे उन बच्चों के बारे में सोचना चाहिए जो गाजा में मारे गए या मारे जा रहे हैं। निःसंदेह इस नव वर्ष पर इजराइल-हमास युद्ध पर सबका ध्यान केन्द्रित रहा है और आगे भी रहेगा। क्योंकि यह युद्ध कई देशों में चुनावों को प्रभावित करेगा, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है अमेरिका, जहां बहुत से युवा डेमोक्रेटों ने इजराइल का समर्थन करने के कारण बाइडन का साथ छोड़ दिया है। यही कारण है कि व्यक्तिगत टेलीफोन चर्चाओं में बाइडन नेतन्याहू पर बर्बादी बंद करने के लिए अधिकाधिक दबाव डाल रहे हैं। लेकिन नेतन्याहू का हमेशा से लक्ष्य रहा है ओस्लो समझौते को सदा-सदा के लिए खत्म और निष्प्रभावी करना। इस मामले में बीबी और हमास दोनों को हमेशा एक दूसरे की जरूरत रही है। बीबी अमेरिका और इजराइलियों को बताते हैं कि उनके पास कोई विकल्प नहीं है, और हमास, गाजा के निवासियों और दुनिया भर के अपने नए और सरल समर्थकों से कहता है कि फिलिस्तीनियों के पास हमास के नेतृत्व में सशस्त्र संघर्ष करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन बीबी रुकने को तैयार नहीं हैं। यहां तक कि 2024 के बारे में सबसे बड़ी चिंता यही है कि इस साल कहीं अलग-थलग पड़े इजराइल के खिलाफ जंग न शुरू हो जाए। जमीन पर चल सकने वाले वाहनों से लदे ईरानी जहाज, हमास, हिजबुल्ला, हूती और ईराक के शिया लड़ाकों ने इजराइल को घेर रखा है।

# आज लोकतांत्रिक जनपहल मधुबनी ने लोकतंत्र बचाओ और संविधान की रक्षा पर सभी साथियों ने अपनी अपनी बातों को बिस्तार से रखी

**मुंबई हलचल/सालिम आजाद**

आज लोकतांत्रिक जनपहल की एक बैठक श्रम भारतीय परिषद खादी भंडार के केंपस मधुबनी में हुई, जिसकी अध्यक्षता महादेव सनी पूर्व जिला परिषद सदस्य ने की। मंच की संचालन कुमार अवधेश ने किया। लोकतंत्र बचाओ और संविधान की रक्षा पर सभी साथियों ने अपनी बातें विस्तार से रखी। लोकतंत्र और संविधान रहेगा या नहीं रहेगा विषय पर बोलते हुए साथी साहिद कमाल मुजफ्फरपुर ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री इरादतन लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करती जा रही हैं जिसे 2024 के चुनाव में हर हाल में रोकना होगा समाजवादी साथी राम सुदिष्ट यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बहुमत का नाजायज लाभ उठाते हुए सदन से 141 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड कर दिया और दुसरे दिन संसद में तीन बिल पास करवा ली है जो अलोकतांत्रिक के साथ ही बहुत खतरनाक भी है।

समाजसेवी साथी देवनाथ देवन ने कहा कि कार्यकर्ता का प्रशिक्षण शिविर लगाया कर वैचारिक रूप से लैस किया जाए। उसके बाद विभिन्न प्रखण्डों में कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता को जागृत किया जाय। अपने अध्यक्ष भाषण में महादेव साहनी ने कहा



कि 2024 में पाखंडी और जुमले बाज भाजपा सरकार को हटाना होगा तभी देश में लोकतंत्र और संविधान बचेगा। साथ ही इंडिया गठबंधन के पक्ष में मजबूती से काम करना होगा तभी हम इस भाजपा सरकार को हटा सकते हैं मधुबनी जिला के संयोजक कुमार अवधेश ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, जिसके कारण गरीब मजदूर की स्थिति बहुत ही दैनिए स्थिति है। इसके लिए मिलजुल कर सभी साथियों को संघर्ष करना होगा। बैठक में साथी सतनारायण यादव, रामराजी सिंह, सीताराम यादव, वकील यादव, सुरेंद्र मलिक, बचनू पासवान, शीला देवी, नागेश्वर पांडे, अजमल जिया, राजकुमारी देवी आदि ने भी बहुत ही महत्त्वपूर्ण विचार बैठक में रखें।

# 'राम आयेंगे करो राजतिलक की तैयारी'

**अयोध्या** में भव्य राम मंदिर के उद्घाटन की जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है रामभक्तों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों



मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस समारोह को बेहद भव्य बनाने की तैयारियां की गई है। रामलला की जब प्राण प्रतिष्ठा होगी तो देश के तमाम बड़े मंदिरों में पूजा अर्चना होगी और पूरा देश एकजुट हो जाएगा। समारोह में राजनेताओं के अलावा सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली भी अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। आमंत्रित लोगों में अमिताभ बच्चन, मुकेश अंबानी भी शामिल होंगी। इस लिस्ट में अभिनेता अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया भी शामिल हैं। वे प्रसिद्ध टीवी श्रृंखला रामायण में राम और सीता के किरदार के लिए प्रसिद्ध है। राम मंदिर का उद्घाटन समारोह मे भगवान रामलला का अभिषेक 22 जनवरी को होगा। आरती पूजन के लिए पास अब ऑनलाइन और ऑफलाइन बुक किए जा सकते हैं। पूरे दिन तीन तरह की आरती की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी परम्पराओं के साधु संतो को निमंत्रण भेजा गया है। सभी शंकराचार्य महामण्डलेश्वर सिख और बौद्ध पंथ के शीर्ष सन्तों को निमंत्रण, स्वामी नारायण, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार, किसान, पत्रकारों, कारसेवकों को निमंत्रण दिया गया है।

नवस्थापित तीर्थक्षेत्रपुरम (बाग बिजैसी) में टीन का नगर बसाया गया है। जिसमे छः नलकूप, छः रसोई घर और दस बिस्तरों वाला एक अस्पताल स्थापित किया जा रहा है। देशभर के लगभग डेढ़ सौ चिकित्सकों ने इसमें क्रमिक सेवा के लिए अपनी स्वीकृति दी है। इसके साथ नगर के हर कोने में लंगर, भोजनालय, भण्डारा, अन्नक्षेत्र चलेंगे। चंद्रकांत सोमपुरा अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य वास्तुकार हैं। राम मंदिर मे 392 पिलर, 44 गेट, 32 सीढ़ियां है। राम मंदिर करीब ढाई एकड़ में तैयार किया जा रहा है। अगर इसमें 'परिक्रमा पथ' भी जोड़ लिया जाए तो ये पूरा परिसर आठ एकड़ का हो जाएगा। परसों श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमित अक्षत कलश यात्रा के पवित्र अवसर पर शोभायात्रा में शामिल होकर राम भक्तों से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में दीपोत्सव के आयोजन के साथ नगर के सभी मठ मंदिरों को भव्य रूप से सजाने का आह्वान किया गया। करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र अयोध्या में लगभग साढे 500 वर्षों बाद प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है। पूरा देश ही नहीं विश्व में बसे सनातनियों के हृदय में खुशी का ज्वार फूट पड़ा है। हर जगह उत्साह और मंगल है। सभी लोग हृदय से उस अवसर को भव्यता लाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि प्रभु श्री राम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह इतिहास के पन्नों में लिखा जाए। पूरे देश के सभी निवासियों से मेरा कहना है सब मिलकर उस दिन ऐसी दीपावली मनाएं जो इतिहास बन जाए। हर घर जगमगा जाए। 5 दीपक तो जरूर जलाये। हर घर में दीपक हर मंदिर में भजन हो और शंखनाथ की आवाज गूंजे। हर मंदिर से घर-घर जगह-जगह मिठाइयां बांटी जाए। पूरे भारत में हर जगह पटाखे और आतिशबाजी हो और हर घर-घर भगवा और श्री राम जी के नाम की गूंज हो। चलो करो राजतिलक की तैयारी मेरे प्रभु श्री राम अयोध्या आ रहे हैं।

**पूजा गुप्ता**
**मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्र में 23 सीटों पर शिवसेना उद्धव गुट के दावे से 'इंडिया' में बेचैनी

## कांग्रेसी नेताओं ने आलाकमान को किया आगाह

**मुंबई।** महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 23 सीटों पर शिवसेना (यूबीटी) के दावे से इंडिया अलायंस विशेषकर कांग्रेस के नेताओं में बेचैनी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं ने पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को आगाह किया है कि वह शिवसेना के दबाव में न आएं, अन्यथा चुनावी वर्ष में पार्टी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेसी नेताओं ने साफ कह दिया है कि महाराष्ट्र में बीजेपी के प्रभाव में आकर शिवसेना और एनसीपी पहले ही टूट चुकी है, लेकिन कांग्रेस अब तक एकजुट है। ऐसे में, अगर कांग्रेस सीटों पर किसी तरह का समझौता करती है, तो इस प्रतिकूल माहौल में भी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार पार्टी नेताओं पर गलत प्रभाव पड़ेगा और वे वैकल्पिक रास्ते चुन सकते हैं। कई वरिष्ठ नेता टिकट के लिए पार्टी छोड़ भी सकते हैं। महाराष्ट्र के कांग्रेसी नेताओं ने इशारों ही इशारे में कांग्रेस आलाकमान को शरद पवार से भी सतर्क रहने का संकेत दिया है। एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के मुताबिक शिवसेना को आगे कर शरद पवार कांग्रेस का खेल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं, क्योंकि राज्य में इस समय कांग्रेस के पक्ष में अच्छा माहौल है और शरद पवार की एनसीपी टूट चुकी है। शरद पवार के पास इस समय लोकसभा लड़ने के लिए अच्छे और तगड़े उम्मीदवार नहीं हैं। इस बड़े नेता ने अपना



नाम न छापने की शर्त पर कहा, मुझे लगता है कि शरद पवार शिवसेना उद्धव गुट को ज्यादा सीटों के लिए इसलिए उकसा रहे हैं, ताकि कांग्रेस को कम सीटें मिलें और कांग्रेस में चुनाव लड़ने के कुछ इच्छुक नेता टिकट के लिए उनकी पार्टी में आ जाएं। इस बीच खबर है कि सीट बंटवारे को लेकर महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं के सख्त रुख से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी कुछ हद तक सहमत है और इंडिया अलायंस को लेकर चिंतित भी है। उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से फीड बैक लिया है और इस पर दिल्ली में मंथन चल रहा है। महाराष्ट्र के नवनियुक्त कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भी महाराष्ट्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की चिंताओं को सही माना है।

**उद्धव-पवार दिल्ली जाएंगे**

पिछले दिनों शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत और कांग्रेस नेता पूर्व सांसद संजय निरुपम के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर हुए वाकयुद्ध ने भी आग में घी का काम किया है। इसके बाद उद्धव ठाकरे के भी सुर बदले हैं। उन्होंने कहना शुरू कर दिया है कि इंडिया अलायंस में सीटों के बंटवारे का आधार सिर्फ जीतने की क्षमता ही होगी। इधर खबर है कि कांग्रेस के दिल्ली के वरिष्ठ नेताओं से उद्धव ठाकरे की फोन पर बातचीत हुई है और उद्धव ठाकरे सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए जल्द ही दिल्ली का दौरा करने वाले हैं। खबर है कि उनके साथ एनसीपी प्रमुख शरद पवार भी दिल्ली की चर्चा में शामिल होंगे।

**अगले 15 दिन में फैसला: सुले**

एनसीपी शरद पवार गुट की कार्याध्यक्ष और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने सोमवार को दावा किया कि 15 या 16 जनवरी तक यह साफ हो जाएगा कि महाविकास अघाड़ी में कौन किस सीट से लड़ेगा। इसके बाद उम्मीदवारों का फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडिया अलायंस में हर राज्य के लिए अलग-अलग फैसला होगा।

**पटोले बोले, कोई मतभेद नहीं**

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले से जानकारी चाही, तो उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे को लेकर महा विकास अघाड़ी में कोई मतभेद नहीं है, सीटों का बंटवारा योग्यता के हिसाब से किया जाएगा और इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपनी स्थिति भी साफ कर दी है।

# प्रदूषण के बढ़ते खतरे को कम करने के लिए बीएमसी के आदेश को मुंबईकरों का ठेंगा!

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** प्रदूषण के बढ़ते खतरे को कम करने के लिए बीएमसी द्वारा जारी गाइडलाइंस को मुंबईकर ठेंगा दिखा रहे हैं। कमिश्नर आई.एस. चहल ने मुंबई में प्रदूषण रोकने के लिए 25 अक्टूबर, 2023 नई गाइडलाइंस जारी की थी, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन, आलम यह है कि मुंबईकर धड़ल्ले से प्रदूषण कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसमें कंस्ट्रक्शन साइट्स को अव्यवस्थित रखने, खुले डंपर से डेब्रिज ले जाने, सड़क के किनारे अवैध रूप से डेब्रिज फेंकने और कचरा जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शामिल है। बीएमसी ने 4 नवंबर, 2023 से 30 दिसंबर, 2023 के बीच 1370 मामलों में चेतावनी नोटिस, वर्क स्टॉप नोटिस देते हुए दंडात्मक कार्रवाई की। नियमों का पालन न करने वालों



से इस दौरान 45 लाख 77 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है। अब तक मुंबई में 787 कंस्ट्रक्शन साइट्स को वर्क स्टॉप नोटिस, जबकि 583 को शो केस नोटिस दिए गए हैं। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि गाइडलाइंस जारी करने के बावजूद डिवेलपर्स और ठेकेदार निर्माण स्थलों पर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। मेट्रो और बुलेट ट्रेन जैसे प्रॉजेक्ट स्थल पर भी नियमों की अवहेलना पर बीएमसी ने वर्ष 2006 'स्वच्छ आंगन' नियम के तहत बड़ी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला है।

**सबसे ज्यादा कार्रवाई कालबादेवी में**

प्रदूषण नियमों का पालन न करने के मामले में बीएमसी ने सबसे ज्यादा कार्रवाई सी वॉर्ड के अंतर्गत कालबादेवी, चीरा बाजार एरिया में की गई। यहां 170 मामले दर्ज कर 35 हजार 200 रुपये जुमार्ना वसूला गया है। इसके बाद एस ईस्ट और वेस्ट वॉर्ड के बांद्रा, खार, सांताक्रुज, विले पार्ले में 97 मामले दर्ज कर 7 लाख 69500 रुपये जुर्माना वसूला गया। एम ईस्ट वॉर्ड के अंतर्गत गोवंडी, देवनार, शिवाजी नगर में 66 मामलों में 60500 रुपये जुमार्ना वसूला गया है। प्रदूषण नियंत्रण के खिलाफ कार्रवाई में बीएमसी ने डंपर में खुले में डेब्रिज ले जाने वाले ठेकेदारों पर भी 118 मामले दर्ज कर 2 लाख 15700 रुपये का दंड वसूला है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई के गोवंडी इलाके में भीषण आग

मुंबई पुलिस भी मौके पर पहुंची और बचाव अभियान में फायर ब्रिगेड की मदद की। एक अधिकारी ने कहा, जाकिर हुसैन नगर की एक झुग्गी बस्ती में स्थित एक भवन के भूतल पर चार से पांच दुकानों में दोपहर लगभग तीन बजे आग लग गई। आग में कोई जनहानि नहीं हुई। आग मुख्य रूप से बिजली के तारों, बिजली के उपकरणों, कबाड़ के सामान और कार्डबोर्ड कागज आदि तक ही सीमित रही। अभी आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं है। इससे पहले बीते बुधवार की शाम में मलाड (पश्चिम) में तीन मंजिला शॉपिंग सेंटर में आग लग गयी। शाम करीब 6 बजकर 50 मिनट पर जैन मंदिर रोड पर एक्मे शॉपिंग सेंटर में आग लगने से हड़कंप मच गया। जब आग लगी तो कई लोग शॉपिंग सेंटर में मौजूद थे। गनीमत रही की सभी को सुरक्षित बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड ने कम से कम 17 लोगों को बचाया। आग से पहली मंजिल पर मौजूद कई दुकानें जल गयी और लाखों रुपयों का नुकसान हुआ।

### हिट एंड रन कानून अभी नहीं होगा लागू

इस बैठक के बाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने ट्रक मालिकों से काम पर लौटने का आह्वान किया। वहीं, अजय भल्ला ने भी कहा कि फिलहाल यह लागू नहीं होगा। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा, हमने ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से चर्चा की। सरकार कहना चाहती है कि नया नियम अभी लागू नहीं किया गया है, हम सभी कहना चाहते हैं कि भारतीय न्याय संहिता 106/2 लागू करने से पहले हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे और उसके बाद ही हम कोई निर्णय लेंगे। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के मलकीत सिंह ने कहा कि हिट एंड रन केस में दस साल की सजा और जुर्माना होगा। यह सभी की चिंता थी। यह हमने संज्ञान किया और इसका क्या नुकसान होगा हमने चिट्ठी सरकार को लिख कर बताया था। आज हम भारत सरकार से मिले। गृह सचिव से मीटिंग हुई। 106(2) जिसमें दस साल की सजा और जुर्माना है।

### सनसनीखेज वारदात

खान का कूपर अस्पताल में इलाज चल रहा है। डीएन नगर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, आरोपी आवेश मकरानी उर्फ नाका को 24 घंटे के भीतर इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चाकू भी जब्त किया गया है। आरोपी पर पहले से मारपीट का मामला दर्ज हैं। घायल व्यक्ति अब खतरे से बाहर है। पुलिस ने बताया मकरानी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना के दिन जब खान अपनी बेटियों के साथ जा रहे थे तो उसने उनसे पूछा कि वे कहां जा रहे हैं। जब पीड़ित ने मकरानी को बताया कि वे आइसक्रीम खरीदने जा रहे हैं, तो वह भी उनके साथ चलने लगा और आइसक्रीम दिलाने के लिए बोला। खान पेड़ काटने का काम करते है। उन्होंने पैसे नहीं होने की बात कहकर मकरानी को आइसक्रीम दिलवाने से मना कर दिया। अधिकारी ने कहा, मकरानी ने फिर भी खान का पीछा किया और उससे फिर से आइसक्रीम मांगी। जब खान ने उसकी बात नहीं मानी तो मकरानी ने गुस्से में खान को थप्पड़ मार दिया और उसे गाली देने लगा। इस बीच मकरानी ने अपनी जेब से एक छोटा चाकू निकाला और खान की पसलियों और पेट पर वार कर दिया। जब तक मदद के लिए कोई आगे आता, मकरानी मौके से भाग गया। पुलिस ने कहा कि खून से लथपथ खान किसी तरह अपने घर गया और फिर उसका भाई नावेद उन्हें दोपहिया वाहन से अस्पताल ले गया।

### दाऊद इब्राहिम की मां की संपत्ति होगी नीलाम

चारों जमीनों में से एक जमीन की कीमत 9 लाख 41 हजार 280 रुपये है। दूसरे कृषि भूमि की अनुमानित कीमत 8 लाख 8 हजार 770 रुपये है। मुंबई में जमीनों की नीलामी को लेकर 21 नवंबर 2023 को नीलामी नोटिस जारी किया गया था। दाऊद इब्राहिम कासकर का पैतृक गांव खेड तालुका का मुंबके है। मुंबके गांव में दाऊद का बंगला और आम का बगीचा था। जबकि लोटे और खेड शहर जैसी छह जगहों पर उसकी अलग-अलग संपत्तियां थीं। तीन साल पहले भी दाऊद की संपत्ति की नीलामी की गई थी। रत्नागिरी के खेड तालुका के लोटे में दाऊद की संपत्ति की नीलामी की गई। दाऊद की साल 2020 में 1.10 करोड़ की संपत्ति की नीलामी की गई थी। दो फ्लैट और बंद पेट्रोल को बेचा गया।

# काव्यगोष्ठी एवं परिचर्चा के साथ मनाया गया राम सिंह का जन्मदिन



**मुंबई हलचल /संवाददाता**

**मुंबई।** 'पत्रकारिता मिशन संस्था' के कार्याध्यक्ष कवि राम सिंह के जन्मदिन के अवसर पर 'आर के कॉलेज' मलाड पूर्व में काव्यगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्यारे रघुवंशी द्वारा की गई तथा शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ पंडित राम व्यास उपाध्याय ने की। प्रमुख अतिथि के तौर पर मिथिलेश मिश्र प्रधानाचार्य एन एल विद्यालय, कमला प्रसाद यादव, आर के सर प्रबंधक आर के कॉलेज तथा ललित पाल प्रबंधक मदर स्माईल कालेज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में काव्यपाठ करने वाले शहर के तमाम गणमान्य कवियों में प्रोफेसर जेपी सिंह विद्रोही, दिनेश बैसवारी, डॉ. कृपाशंकर मिश्र, कवि पत्रकार रवि यादव, जवाहर लाल निर्झर, डॉक्टर दिनेश वर्मा, अल्हड़ असरदार, विवेक सिंह, सूर्यकांत शुक्ल, कल्पेश यादव, जाकिर हुसैन रहबर, अजय शुक्ल, अनिल त्रिपाठी कड़क उपस्थित रहे। संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने किया एवं आभार संस्था के संस्थापक अध्यक्ष राकेशमणि तिवारी द्वारा प्रकट किया। इस अवसर पर संस्था के सहयोगी विक्रम घोरपड़े, रविन्द्र कुमार सिंह, प्रमोद कन्नौजिया, दिनेश वर्मा, शिवप्रकाश सोनी एवं तमाम साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# तेहसिल- कडेगांव के आदर्श व्यक्तिमत्व के निधन से शोकाकुल




**मुंबई हलचल /संवाददाता**

**सांगली।** स्वर्गीय श्री निवृत्ति जगदाले दाजी के निधन की खबर मिलते ही पलुस कडेगांव विधनसभा क्षेत्र एवं महाराष्ट्र से सभी समाजिक राजकीय क्षेत्र और इष्ट मित्र रिशतेदार अंबक (चिंचणी) निवास स्थान पहुँचे। स्वर्गीय डॉ. पतंगराव कदम साहब एवं पुर्व विधायक लोकनेते मोहनराव कदम दादा, पुर्व राज्य मंत्री विधायक डॉकटर विश्वजीत कदम उर्फ बालासाहेब के निष्ठावान अनुयायी, अंबक गांव के वरिष्ठ सामाजिक राजकीय नेते एवं डॉ. पतंगराव कदम सोनहिरा सहकारी शुगर फैक्ट्री के वरिष्ठ संचालक स्वर्गीय श्री निवृत्ति जगदाळे (दाजी) का रात्रि 11 बजे दुःखद निधन होने की खबर मिलते ही पुरे कडेगांव तेहसील मैं दुःख का माहौल छा गया, स्वर्गीय श्री निवृत्ति जगदाले दाजी के अंतिम दर्शन एवं अन्त यात्रा संस्कार के लिए बड़ी संख्या में जन समूह उपस्थित था।

# सच होने जा रही भाजपा की भविष्यवाणी!

**मुंबई हलचल /संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरूआत के साथ ही झारखंड की सियासत में बड़ी तब्दीली की संभावना ने जोर पकड़ लिया है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री आवास पर झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक दल की अहम बैठक बुला ली है। इसकी अध्यक्षता खुद सीएम हेमंत सोरेन करेंगे। जानकारी के अनुसार, यह बैठक बुधवार को शाम साढ़े चार बजे होगी। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री सोरेन अपनी पत्नी कल्पना को सीएम बनाने की तैयारी है और इसलिए गांडेय से विधायक डॉ. सरफराज अहमद से इस्तीफा लिया है। रांची में जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने बीते 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सातवीं बार समन भेजा था। एजेंसी ने इसे आखिरी समन बताते हुए उन्हें सात दिनों के अंदर बयान दर्ज कराने को कहा था। लेकिन 31 दिसंबर तक हेमंत सोरेन ने ईडी के पत्र का कोई जवाब नहीं दिया।

## राजस्थान में 15 जनवरी तक डेजर्ट साइक्लोन-2024 का आयोजन

# भारत और यूएई के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत और यूएई के बीच मंगलवार 2 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक संयुक्त सैन्य अभ्यास डेजर्ट साइक्लोन-2024 आयोजित किया जाएगा। यह सैन्य अभ्यास राजस्थान के जैसलमेर में होने जा रहा है। बता दें डेजर्ट साइक्लोन-2024 के तहत किए जाने वाले संयुक्त अभ्यासों का उद्देश्य शहरी अभियानों में श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात मित्रता के सशक्त संबंधों को साझा करते हैं। ये संबंध दोनों देशों के बीच के सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक आदान-प्रदान पर आधारित हैं। रक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय (सेना) के सोशल मीडिया हैंडल पर इस संबंध में एक वीडियो शेयर करते हुए जानकारी दी गई है। ये वॉर एक्सरसाइज दोनों देशों के बीच काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि इस दौरान दोनों देशों की सेनाएं शहरी ऑपरेशंस में अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए एक-दूसरे के सबसे बेहतर तरीके शेयर करेंगे और सीखेंगे।

**खास बातें**

- भारतीय नौसेना भी कर चुकी हैं संयुक्त युद्धाभ्यास
- श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना

*डेजर्ट साइक्लोन-2024 के तहत किए जाने वाले संयुक्त अभ्यासों का उद्देश्य शहरी अभियानों में श्रेष्ठ अभ्यासों को साझा और उन्हें सीखकर पारस्परिकता को बढ़ावा देना है।*

*दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध*

*भारतीय सेना ने वीडियो शेयर कर दी भूकंप की जानकारी*



**2008 में किया था पहला संयुक्त युद्धाभ्यास**

भारत और यूएई के बीच पहला संयुक्त एयर फोर्स अभ्यास सितंबर 2008 में अबुधाबी के अल-धफरा बेस पर आयोजित हुआ था। इसके साथ ही अबुधाबी में होने वाली द्वि-वर्षीय इंटरनेशनल डिफेंस ऐग्जीबिशन में भारत हिस्सा लेता आ रहा है। दरअसल, बीते कुछ सालों में भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग खासा मजबूत हुआ है। रेग्युलर एक्सचेंज प्रोग्राम के अलावा डिफेंस ट्रेनिंग और डिफेंस इन्वेंटरी की सप्लाई के मामले में दोनों देशों के संबंध काफी बेहतर हुए हैं।

**इजराइल-हमास युद्ध को देखते हुए महत्वपूर्ण अभ्यास**

*सूत्रों ने बताया कि हाल ही में इजराइल-हमास युद्ध को देखते हुए इस युद्धाभ्यास को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शहर में अगर दुश्मन घुस आए तो उससे किस तरह से निपटा जाए। आतंकी कहीं छिपे हैं तो उनसे किस तरह तकनीक का सहारा लेकर उनको खत्म किया जाए।*

*आसमान से ही घरों में छिपे दुश्मन को नेस्तनाबूद करना, रणनीति व सिद्धांतों पर जानकारी साझा करना आदि कई तरह के शहरी ऑपरेशन इस दौरान किए जाएंगे।*

*ताकि यदि दोनों में देशों में इस तरह कि सिचुएशन हो तो उससे किस तरह से निपटा जाए आदि पर दोनों सेनाएं अपना अपना युद्ध कौशल साझा करेंगी।*

**1972 में राजनयिक संबंध**

*दोनों देशों के बीच डिप्लोमैटिक संबंधों की शुरुआत साल 1972 में हुई थी। यूएई ने 1972 में दिल्ली में अपना दूतावास शुरू किया था। वहीं, भारत ने अबुधाबी में साल 1973 में अपना दूतावास खोला था। द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध भी बीते दिनों में काफी मजबूत हुए हैं। इसे देखते हुए इस अभ्यास को काफी अहम माना जा रहा है।*

**बीते वर्ष भी दोनों देशों का संयुक्त युद्धाभ्यास आईएनएस त्रिखंड ने लिया हिस्सा**

इस अभ्यास का उद्देश्य शहरी परिचालन में बेस्ट प्रैक्टिस और साझा करके अंतरसंचालनीयता (इंटरऑपरेशनबिलिटी) को बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व बीते वर्ष अगस्त में दोनों देशों की नौसेना एक संयुक्त युद्धाभ्यास कर चुकी है। इस युद्धाभ्यास में भारतीय नौसेना के आईएनएस विशाखापत्तनम और आईएनएस त्रिखंड ने हिस्सा लिया था।

## जयशंकर जाएंगे नेपाल, पीएम प्रचंड का ऐलान

# भारत और नेपाल करेंगे एक दीर्घकालिक बिजली समझौता

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने कहा कि इसी सप्ताह होने वाली भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की यात्रा के दौरान भारत और नेपाल एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

**प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान बनी थी सहमति**

नेपाली प्रधानमंत्री प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान लंबी अवधि के लिए बिजली समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत नेपाल से अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदने के लिए सहमत हुआ है। प्रचंड का कहना है कि नेपाल पनबिजली सेक्टर में बड़ा बदलाव ला रहा है। नेपाल इस समय भारत को 450 मेगावाट बिजली का निर्यात कर रहा है।

## एनआईए ने छापेमारी कर की पूछताछ, साजिश का खुलासा

# दूतावासों पर हमला बोलने वाले 43 की पहचान

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और कनाडा स्थित भारतीय दूतावास पर हुए हमलों के मामलों में भारत को बढ़त मिली है। भारत ने हमलों में शामिल 43 संदिग्धों की पहचान की है। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने इन संदिग्धों की पहचान क्राउडसोर्सिंग के माध्यम से की गई है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भारतीय राजनयिक मिशनों पर हमला मामले को अपने हाथों में ले लिया था। हमलों के सभी 43 संदिग्धों की पहचान भी एनआईए ने ही किया है। एनआईए ने अलग-अलग 50 जगह छापेमारी की और करीब 80 लोगों से पूछताछ की है।

**कार्रवाई में 94% रही सजा की दर**

एनआईए ने वर्ष 2023 में आतंकी नेटवर्क के खिलाफ 68 मामले दर्ज करके 1000 से अधिक छापे मारे। 625 आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बताया कि 74 आरोपियों की दोषसिद्धि के साथ 94.70 प्रतिशत सजा की दर भी एक उपलब्धि रही। ओटावा और लंदन स्थित भारतीय उच्चायोगों और सैन फ्रांसिस्को में महावाणिज्य दूतावास पर हमलों के बाद कई जगहों पर छापे मारे थे। इसमें आपराधिक अतिक्रमण, बर्बरता और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को 43 संदिग्धों की पहचान की गई। मिशनों पर हमलों के पीछे की साजिश को उजागर करने के प्रयासों के तहत 50 छापे और तलाशी ली गई।

# जनता बेहाल, नेता मालामाल मतलब बीता साल

**कानपुर।** हर साल की तरह 2023 भी बीत गया। नए वर्ष के रूप में 2024 शुरू हो गया ,जो कि बीते 2023 की तरह अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर का भी साक्षी है। जिसकी अपार खुशी सभी राम भक्तों को भी है। इलाहाबाद जिगर है कि इनमें उनकी संख्या सर्वाधिक है जो आज भी रोजी-रोटी समेत विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं ...और संभवत यह हाल देश के किसी एक जनपद का नहीं कमोवेश लगभग हर जिले का हो सकता है, या होगाकमतलब सन 2022 की तरह बीता साल 2023 भी रहा। यानी जनता 2022 में जिन नागरिक समस्याओं से जूझ रही थी। वह उन्हीं से गुजरे 2023 में भी जूझने से न बच सकी। वह चाहे बढ़ते अपराधों का मुद्दा हो या फिर नेताओं द्वारा किये गये लोक लुभावन वायदों का। अगर पिछले दो साल की समीक्षा की जाये तो एक आद अपवाद को छोड़कर सत्ता पक्ष समेत कोई भी जन प्रतिनिधि नेता बीते 2023 में भी अपने वादों पर खरा उतरता दिखाई नहीं पड़ा।

**आश्वासनों के लाली पाप:** अगर नई बनाई गई कुछ सडकों, पुलों और बिजली की खत्म हुई आंख मिचौली को छोड़ दिया जाये तो यह दावा नही किया जा सकता कि बीता साल 2023 शहरियों के लिए बहुत अच्छा रहा। यानी समस्याओं का निस्तारण करने के मामले में यह बीता पूरा साल स्थानीय जनप्रतिनिधियों को निन्दारस का पान कराने वाला ही माना जायेगा, क्योंकि ना केवल सत्तारुढ़ दल के बल्कि अन्य दलों के नेता जनप्रतिनिधि भी नागरिक समस्याओं को हल करने के बजाय आश्वासनों के लाली पाप ही देते रहे। मतलब अगर बीते साल 2023 की जनता से जुड़ी उपलब्धियों की चर्चा की जाए तो केवल यही कहा जा सकता है की 2023 का गुजरा यह साल, जिसमें जनता रही बेहाल और नेता मालामाल।

**दुःख में डूबे परिवार:** वहीं दूसरी ओर संपत्ति विवादों समेत पल-पल बढ़ते रहे अपराधियों के आतंक ने लूट के दौरान हत्यायें जैसी वारदातें करके महानगर के दर्जनों परिवारों को हमेशा के लिए दुख के अथाह महासागर में डुबो कर रख दिया। इस बीते साल 2023 भर में लगभग एक सैकड़ा से भी अधिक जो लोग इस तरह की सनसनीखेज वारदातों में नृशंस हत्या के रूप में मौत का शिकार बनाये गये। उनमें से अधिकांश अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले एकलौते स्वामी थे। जिसमें किसान बाबू सिंह यादव आत्महत्या कांड जैसे प्रकरण भी शामिल हैं ।

**नहीं हुआ खुलासा:** खास बात यह भी कि बीते साल 2023 में हुई बहुत सी संगीन घटनाओं का खुलासा पुलिस आज तक नही कर सकी। इन परिवारों की आर्थिक स्थिति भी इतनी दयनीय बतायी जाती है कि न्याय के लिए अदालत कचेहरी के खर्चों को झेलना तो दूर अपने परिवार के लिए दो जून की रोटियां भी उपलब्ध कराने में सक्षम नही हैं।

**जिन्दा लोगों से भी बदतर हालत:** यही हाल लगभग दर्जनों की संख्या वाले उन परिवारों का भी है, जिनके मुखिया इस गुजरे साल 2022 में वाहन दुर्घटनाओं का शिकार होने से न बच सके और जो किसी तरह से बच गये हैं। उनकी हालत जिन्दा लोगों से भी बदतर हो चली है।


**नेताओं के कोरे वायदे:** जहां तक जन समस्यायें हल करने का सवाल है। इस बीते साल 2022 की शुरूवात में यहां के जन प्रतिनिधियों ने जनता से वायदा किया था कि बिजली, पानी, सडक, सीवर, गन्दगी और यातायात से जुड़ी उनकी सारी नागरिक समस्याओं का निस्तारण वर्ष 2023 के आते-आते अवश्य ही कर दिया जायेगा, लेकिन आश्वासनों के लाली पाप बांटने में माहिर नेताओं के ये वायदे बिजली और सडकों को छोड़ कर हमेशा की तरह बीते साल 2023 में भी कोरे ही सावित होकर रहे।

# नये साल के शुभ अवसर पर खास मुलाकात



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** 1 जनवरी 2024 नए साल के शुभ अवसर पर हमारे सबके प्रिया लोकप्रिय सिंगर श्री रूप कुमार राठौर जी के घर उनसे मिलने के लिए और नए साल की हार्दिक शुभेच्छा देने के लिए जानवी प्रवीण खेतानी लाइफ कोटक, आरती शर्मा लाइफ कोटक और फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने फिजिकल फिटनेस गुरु, फिट इंडिया ब्रांड एंबेसडर, द ह्यूमन योगा फाउंडेशन वर्ली मुंबई नेशनल प्रेसिडेंट श्री योग गुरु राधेश्याम जयसवार, सिंगर रूप कुमार राठौर से मिलने उनके घर मिलने लेकर गए योग गुरु राधेश्याम जी ने जानवी खेतानी और आरती शर्मा कोटक लाइफ के लिए जी जान से मेहनत कर रहे हैं और श्री योग गुरु राधेश्याम जी को भी उन्होंने अपने लाइफ कोटा के बारे में बताया, लाइफ इंश्योरेंस कितना महत्वपूर्ण होता है लोगों के लिए जानवी खेतानी जी ने बताया योग गुरु राधेश्याम को और राधेश्याम जी ने समझा ऐसे इंश्योरेंस सभी को मिलनी चाहिए हमारे फिल्म इंडस्ट्री में सभी को देना चाहिए इसलिए आरती शर्मा और जानवी खेतानी जी के माध्यम से सभी को लाइफ इंश्योरेंस दिया जाएगा सभी टैक्सी ड्राइवर को मेट्रो में काम करने वाले लोग जो अपनी दिन रात मेट्रो स्टेशन पर काम कर रहे हैं लोगों को इंश्योरेंस की बहुत ज्यादा जरूरत है और हर कंपनियों को इंश्योरेंस करना चाहिए अपने-अपने काम करने वाले लोगों का जय हिंद जय भारत।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# राम मंदिर के निर्माण में सीबीआरआई की अहम भूमिका

## 10-12 वैज्ञानिकों की टीम कर कर रही कार्य

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**रुड़की।** अयोध्या में श्रीराम के दिव्य-भव्य मंदिर के निर्माण में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) रुड़की के वैज्ञानिक भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। उनकी ओर से राम मंदिर की नींव के अलावा संरचनात्मक डिजाइन, सूर्य तिलक और संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी का कार्य किया जा रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया कि भूकंप की दृष्टि से अयोध्या जोन-तीन में आती है, लेकिन राम मंदिर को जोन-चार के अनुसार बनाया जा रहा है। इसकी उम्र भी एक हजार साल होगी। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। श्रीराम के इस भव्य मंदिर के निर्माण में रुड़की स्थित केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम ने भी अपना योगदान दिया है। सीबीआरआई के निदेशक प्रो. आर प्रदीप कुमार ने बताया कि राम मंदिर की नींव के अलावा संरचनात्मक डिजाइन, सूर्य तिलक और संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी का कार्य संस्थान के वैज्ञानिकों की ओर से किया जा रहा है।



**राम मंदिर निर्माण में नहीं हुआ सरिये का इस्तेमाल**

बताया कि संस्थान के 10-12 वैज्ञानिकों की टीम इसमें शामिल है। टीम में शामिल वैज्ञानिक डॉ. देबदत्ता घोष ने बताया कि जमीन से शिखर तक राम मंदिर की ऊंचाई 161 फीट है। राम मंदिर के निर्माण में सरिये का इस्तेमाल नहीं हुआ। पत्थर से पत्थर की इंटरलाकिंग की गई है। इसमें बंशी पहाड़पुर के सैंड स्टोन का प्रयोग किया गया है। वैज्ञानिक हिना गुप्ता ने बताया कि राम मंदिर में पांच मंडप हैं। सबसे पहले गर्भगृह है, जिसमें श्रीराम की प्रतिमा स्थापित होगी। दूसरा गुड मंडप, तीसरा रंग मंडप, चौथा नृत्य मंडप और पांचवां प्रार्थना मंडप होगा। इसकी वास्तुकला नागर शैली में है।

**रामनवमी पर सूर्य रश्मियों से होगा रामलला का तिलक**

राम मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित होने वाली श्रीराम की प्रतिमा के मस्तक पर रामनवमी के दिन दोपहर बारह बजे सूर्य रश्मियों से तिलक होगा। सूर्य तिलक प्रोजेक्ट पर कार्य करने वाले सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिक डॉ. एसके पाणिग्रही ने बताया कि प्रत्येक साल रामनवमी के दिन प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के मस्तक पर सूर्य रश्मियों से तिलक होगा और इसे लेकर उनके सामने दो चुनौती थी। एक तो प्रत्येक वर्ष रामनवमी की तिथि बदलती है और दूसरा गर्भगृह में ऐसा आर्किटेक्चरल डिजाइन नहीं है कि सूर्य की किरणें सीधे वहां तक पहुंच सकें। ऐसे में इन दोनों चुनौतियों से पार पाते हुए राम मंदिर के तीसरी मंजिल से लेकर गर्भगृह में स्थापित रामलला की प्रतिमा तक पाइपिंग और आप्टो मैकेनिकल सिस्टम से सूर्य की किरणों को पहुंचाया जाएगा।

**सूर्य तिलक प्रोजेक्ट में छह वैज्ञानिकों की टीम शामिल**

इसके लिए उच्च गुणवत्ता के चार शीशे व चार लेंस का प्रयोग किया गया। दो शीशे तीसरी मंजिल और दो निचले तल पर लगाए जाएंगे। गेयर मैकेनिज्म का प्रयोग किया जाएगा, ताकि हर साल रामनवमी पर रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणों से तिलक हो सके। सूर्य तिलक प्रोजेक्ट में संस्थान के छह वैज्ञानिकों की टीम शामिल है। बताया कि तिलक प्रोजेक्ट में सीबीआरआई रुड़की ने तिलक और पाइपिंग के डिजाइन का कार्य किया है। कंसल्टेशन आइआइए बेंगलुरु और फेब्रिकेशन आप्टिका बेंगलुरु ने किया है। वहीं नींव से जुड़ा कार्य सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिक मनोजीत सामंता ने किया।

# देश के सबसे कम उम्र आईजी बने अरुण मोहन जोशी, 23 साल में बन गए थे आईपीएस

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**देहरादून।** वर्ष 2006 बैच के आईपीएस अरुण मोहन जोशी देश के सबसे कम उम्र (40 साल) के आईजी बन गए हैं। कुछ दिन पहले ही शासन ने उनकी डीपीसी पर मुहर लगाई थी। उत्तराखंड के चकराता निवासी आईपीएस अरुण मोहन जोशी वर्ष 2006 में सबसे कम उम्र (23 साल) में आईपीएस बने थे। हालांकि, इसके बाद देश में अन्य अफसर कम उम्र में आईपीएस बनने का रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा चुके हैं। आईजी के मामले में 2004 बैच के आईपीएस गौरव राजपूत वर्ष 2022 में 41 साल की उम्र में देश के सबसे कम उम्र के आईजी बने थे। अब उत्तराखंड कैडर के 2006 बैच के आईपीएस अरुण मोहन जोशी 40 साल की उम्र में आईजी बने हैं। 22 दिसंबर, 2023 को उत्तराखंड सचिवालय में मुख्य



सचिव की अध्यक्षता में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की डीपीसी संपन्न हुई। डीपीसी में वर्ष 2006 बैच की आईपीएस अधिकारी पुलिस उप महानिरीक्षक स्वीटी अग्रवाल, अरुण मोहन जोशी, अनंत शंकर ताकवाले तथा राजीव स्वरूप को एक जनवरी 2024 से पुलिस महानिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। स्वीटी अग्रवाल के प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण उन्हें परफार्मा पदोन्नति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा वर्ष 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी पुलिस अधीक्षक सुखबीर सिंह को एक जनवरी 2024 से पुलिस उप महानिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार तथा धीरेंद्र गुंज्याल को एक जनवरी 2024 से सेलेक्शन ग्रेड प्रदान करने का निर्णय लिया गया। सोमवार को पदोन्नति पाने वाले सभी अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में पदोन्नति बैज प्रदान किए।

## हल्द्वानी में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**हल्द्वानी।** भोटिया पड़ाव क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भोटिया पड़ाव चौकी पुलिस ने शव को मॉर्चरी भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी कुमकुम धानक ने बताया कि सुबह करीब 7:30 बजे आवास विकास रेलवे क्रॉसिंग से करीब 150 मीटर आगे रेल ट्रैक पर शव के पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसके पास से आधार कार्ड मिला। युवक की शिनाख्त भवाली के रेहड़ी निवासी मयंक पांडे के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को मॉर्चरी भिजवाकर परिजनों को सूचना दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मयंक पंजाब स्थित एक कंपनी में जॉब करता था। करीब दो हफ्ते पहले वह छुट्टी पर घर लौटा था। मयंक के पिता रमेश चंद्र पांडे सेवानिवृत्त सैनिक हैं और उसकी मां सरोज पांडे मंगोली में संचालित एक सरकारी स्कूल में शिक्षका के पद पर तैनात हैं। वहीं मयंक की एक छोटी बहन वैशाली हैं जो निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। मयंक माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## केंद्र सरकार ने वाइब्रेंट विलेज के प्रधानों को दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह का दिया न्योता

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**देहरादून।** सीमावर्ती गांवों के चहुंमुखी विकास को संचालित केंद्र के महत्वाकांक्षी वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में शामिल ग्राम पंचायतों के लिए इस बार का गणतंत्र दिवस खास होने वाला है। केंद्र सरकार ने इनके प्रधानों व उप प्रधानों को दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया है। उत्तराखंड के तीन सीमावर्ती जिलों चमोली, उत्तरकाशी व पिथौरागढ़ के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम से आच्छादित 35 ग्राम पंचायतों के 66 ग्राम प्रधान व उप प्रधान (पति-पत्नी सहित) भी दिल्ली जाएंगे। इन सभी ने सहमति दे दी है। उन्हें दिल्ली ले जाने व लाने का जिम्मा आइटीबीपी को सौंपा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग की ओर से बीते माह उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग की गई थी। इसमें वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम से आच्छादित ग्राम पंचायतों के प्रधानों व उप प्रधानों के गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभाग करने के संबंध में उनकी सहमति अथवा असहमति की सूचना शीघ्र केंद्र को भेजने के निर्देश दिए गए थे। इस पर शासन ने पंचायतीराज विभाग के उप निदेशक मनोज कुमार तिवारी को नोडल अधिकारी नामित किया। तिवारी के अनुसार पिथौरागढ़, उत्तरकाशी व चमोली की ग्राम पंचायतें वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम से आच्छादित हैं। उन्होंने बताया कि 35 वाइब्रेंट विलेज के 66 ग्राम प्रधानों व उप प्रधानों ने सहमति दे दी है। इनमें तीन गांवों में उप प्रधान नहीं हैं, जबकि मलारी के उप प्रधान ने निजी कारणों से समारोह में उपस्थित होने में असमर्थता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए सहमति जताने वाले प्रधानों व उप प्रधानों की सूची आइटीबीपी नार्दन फ्रंटियर के उप महानिदेशक को भेज दी गई है। इन पंचायत प्रतिनिधियों को दिल्ली ले जाने व लाने का जिम्मा केंद्र सरकार ने आइटीबीपी को सौंपा है। तय कार्यक्रम के अनुसार पिथौरागढ़ जिले के संबंधित प्रधान व उप प्रधान 22 जनवरी को पिथौरागढ़ पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## अब उत्तराखंड के इस शहर में हुआ जियो फाइबर का शुभारंभ

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड में इंटरनेट सुविधा को अब बेहतर किया जा रहा है। रिलायंस जियो अब हर जिलों में फाइबर कनेक्शन लगाने की कोशिश कर रही है। जिला पंचायत सभागार गोपेश्वर में गुरुवार को जियो फाइबर का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की निवर्तमान अध्यक्ष पुष्पा पासवान ने किया। जियो फाइबर की ओर से उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए कई प्लान लांच किए गए। चमोली जिले के गोपेश्वर नगर में जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जियो फाइबर का शुभारंभ करते हुए पालिका की निवर्तमान अध्यक्ष ने कहा कि जियो की इंटरनेट सुविधा फाइबर के जरिए घरों तक पहुंचने के बाद लोगों को काफी सुविधा मिलेगी साथ ही अब लोग घरों में जियो फाइबर के माध्यम से ही टीवी के सभी प्रोग्राम देख सकेंगे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रतनजी टाटा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर एवं विभिन्न पुरस्कारों का वितरण











**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** कार्यक्रम के आयोजक इंडिया मीडिया लिंक एंड इवेंट्स मैनेजमेंट के कार्यकारी निदेशक वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता के. रवि (दादा) ने मांग की है कि राज्य सरकार और मुंबई नगर निगम को भारत के विश्व प्रसिद्ध व्यवसायी रतनजी टाटा के लिए एक सेल्फी पॉइंट बनाना चाहिए। भारत के विश्व प्रसिद्ध उद्योगपति रतनजी टाटा का ८६ वां जन्मदिन मुंबई के माटुंगा स्थित यशवंतराव थिएटर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इंडिया मीडिया लिंक एंड इवेंट्स मैनेजमेंट के प्रबंध निदेशक के. रवि (दादा) ने जन्मदिन की पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वामी बिजवानदास गुरुजी, पूर्व पुलिस अधिकारी धनराज वंजारी, अभिनेता अली खान, प्रसिद्ध कवि सागर त्रिपाठी, एडवोकेट सुभाष सुर्वे, वैशाली बोर्डे, सुशील जाधव, सामाजिक कार्यकर्ता आरिफ भाई, वरिष्ठ बॉलीवुड फोटोग्राफर रमाकांत मुंडे और बालासाहेब गायकवाड़ उपस्थित थे। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में रक्तदान शिविर एवं विभिन्न पुरस्कार वितरित किये गये।













इंडिया मीडिया लिंक एंड इवेंट्स मैनेजमेंट के कार्यकारी निदेशक, इंडिया मीडिया लिंक एंड इवेंट्स मैनेजमेंट के कार्यकारी निदेशक, वरिष्ठ पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता के.रवि (दादा) ने मांग की है कि राज्य सरकार और मुंबई नगर निगम को भारत के लिए विश्व प्रसिद्ध उद्योगपति रतनजी टाटा का एक सेल्फी प्वाइंट बनाना चाहिए। कार्यक्रम में सागर त्रिपाठी, धनराज वंजारी, सुभाष सुर्वे, कथावाचक उमेश कामत समेत कई लोगों ने अपने भाषण में रतन टाटा और के रवि दादा की तारीफ की। इस दौरान इतिहास में पहली बार इस मौके पर रतन टाटा जी पर लिखा गाना पेश किया गया। पहली बार मुशहरा, कविता और मशहूर कॉमेडियन दिवेश शिवदाकर के जरिए रतन टाटा को बर्थडे विश किया गया। कार्यक्रम के आयोजक के रवि दादा ने मीडिया के माध्यम से देश को सामाजिक संदेश देते हुए जनता को चुनौती दी। २८ दिसंबर को रतन टाटा के जन्मदिन के मौके पर अगर लोग अपने घरों की लाइटें बंद कर देते हैं। १० मिनट में देश में अरबो यूनिट बिजली की बचत होगी और टाटा पावर मुंबई शहर को सस्ती बिजली उपलब्ध कराएगा। के रवि दादा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया है कि आने वाले वर्षों में देश को सामाजिक स्तर पर रतन टाटा का जन्मदिन अलग तरीके से मनाना चाहिए। इस समय डॉ. विजय सनप, राहुल रवि, राम तांबे, पत्रकार राजेंद्र सालस्कर, विलास घडशी, पत्रकार तानाजी कांबले, शरद रणपिसे, प्रभाकर वाडियार, प्रो. हेमन्त सामंत, नितिन जाधव, दीपक पाडिये, डॉ. रतन पवार, रमजान सिद्दीकी, विक्रांत कशप। राहुल खैरे, राज्य सोनटक्के आदि ने कड़ी मेहनत की।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





# एलेक्जेंडर संग रुम शेयर कर चुकी हैं दिशा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दिशा पाटनी और एलेक्जेंडर एलेक्स के लिंकअप की खबरों ने तब सुर्खियां बटोरी जब टाइगर श्रॉफ संग एक्ट्रेस का ब्रेकअप हो गया। एलेक्जेंडर और दिशा एक दूसरे को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट्स और स्टोरीज में टैग करते रहते हैं। इतना ही नहीं दोनों को अक्सर देर रात पार्टी करते और डिनर डेट पर स्पॉट किया जाता है। तभी दिशा का नाम एलेक्जेंडर से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एलेक्जेंडर एलेक्स ने अपने दिशा के लिंकअप की खबरों पर खुलकर बात की। इसी के साथ उन्होंने अपने यह भी बताया कि वो साइबेरिया के रहने वाले हैं और पिछले 7 सालों से भारत में हैं। इन दोनों की मुलाकात मुंबई में हुई, तब एक्ट्रेस दिशा पाटनी भी बॉलीवुड इंडस्ट्री की तरफ अपने कदम बढ़ा रही थीं। उस वक्त दिशा किसी एजेंसी के साथ जुड़ी हुई थीं। एलेक्जेंडर ने दिशा संग रिलेशन के बारे में बताते हुए कहा, हम साल 2015 में साथ रहते थे। मैं, दिशा और हमारे दूसरे मॉडल दोस्त साथ में कमरा शेयर कर रहे थे। मैं और दिशा दोनों ही फिटनेस को लेकर काफी एक्टिव हैं, यही वजह है कि हमारी दोस्ती भी गहरी हो गई। हम साथ जिम जाने लगे। लंच और डिनर भी साथ ही किया करते थे। हमने उस घर में काफी वक्त साथ गुजारा है। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ और उनकी बहन कृष्णा श्रॉफ के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब एक दूसरे को अपने करियर के शुरूआती दिनों से जानते हैं। वहीं जब उनसे दिशा और टाइगर के ब्रेकअप को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वो कौन होते हैं इस बारें में कुछ भी कहने वाले। वह, दिशा और टाइगर, दोनों के ही दोस्त हैं।

# शादी के स्टेज से भाग गए थे कपिल शर्मा



**छोटे** परदे के फेमस कॉमेडियन कहे जाने वाले कपिल शर्मा ने अपने शादी को लेकर कुछ ऐसे चौकाने वाले खुलासे कर दिए। जिसे सुनने के बाद आप भी सोच में पड़ जाएंगे। दरससल शो में कपिल ने एक्टर-पॉलिटिशियन राज बब्बर से पूछा कि क्या वे किसी भी समारोह में शामिल होते थे तो व्यक्तिगत रूप से स्टेज का जायजा लेते थे। इस पर जवाब देते हुए राज बब्बर ने कहा कि- जब मैंने पॉलिटिक्स ज्वाइन की थी उस दौरान हमारी रैली में कई सारे फैन्स आते थे। हम उन्हें पुश नहीं करना चाहते थे। मगर कुछ तो ऐसे थे जो कूदकर चढ़ जाते थे स्टेज पर। भारी मात्रा में भीड़ इकट्ठा हो जाती थी। स्टेज एक साथ इतने सारे लोगों का भार संभाल नहीं पाता था और टूट जाता था। इसी डर से मैं व्यक्तिगत रूप से एक बार सुनिश्चित कर लेता था कि स्टेज मजबूत है या नहीं। वही कपिल इस बात पर हसते हुए अपना भी कुछ ऐसा ही एक किस्सा दर्शकों के साथ शेयर करने लगे। जहां कपिल ये कहते दिखे की मैं इससे रिलेट कर सकता हूं। ऐसा मेरी खुद की शादी में भी हो चुका है। बहुत सारे लोगों ने स्टेज को घेर लिया था। मैं भागते हुए अपने कमरे में आया और फिर बाहर नहीं निकला। वही कपिल की ये बात सुन वहां मौजूद सभी लोग जोर से हसने लगे।



# दीपिका संग रोमांस नहीं करेंगे कार्तिक

**बॉलीवुड** की सबसे कामयाब रोमांटिक फिल्मों की बात करें तो आशिकी का नाम खुद-ब-खुद सभी की जुबान पर आ जाता है। इस फिल्म के अबतक 2 पार्ट आ चुके हैं और तीसरा इन दिनों चचाओं में बना हुआ है। आपको बता दें, 1990 में आई आशिकी को ऑडियंस ने जितना प्यार दिया था उतना ही पसंद उन्होंने 2013 में आई आशिकी 2 को किया। वहीं, अब फैंस आशिकी 3 के लिए एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। ऐसे में अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। जबसे इस बात का ऐलान हुआ कि आशिकी फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म जल्द ही आने वाली है, हर कोई जानने के लिए बेताब है कि इस बार किस जोड़ी को स्क्रीन पर रोमांस करते देखने का मौका मिलेगा। आपको बता दें, इस बात पर तो मुहर लग चुकी है कि फिल्म में बतौर लीड एक्टर कार्तिक आर्यन नजर आने वाले हैं। मगर उनके साथ किस एक्ट्रेस को इस फिल्म में काम करने का मौका मिलेगा अभी तक उस नाम पर सस्पेंस बना हुआ है। हाल ही में ऐसी खबरें आई थी कि आशिकी 3 में कार्तिक आर्यन के अपोजिट दीपिका पादुकोण दिखाई देंगी लेकिन कुछ भी कंफर्म नहीं हुआ था। वहीं, अब ये बात तो क्लियर हो चुकी है कि आशिकी की तीसरी कड़ी में दीपिका पादुकोण तो कार्तिक के साथ नजर नहीं आने वालीं। खुद महेश भट्ट ने इस खबर पर ठप्पा लगाया है।